# प्रसार शिक्षा निदेशालय
## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

पत्र सं० : 85 E(I)/नि•प्र०•शि•/बि•कृ•वि•, सबौर/3448 दिनांक : 27/03/25

सेवा में,

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

**कृषि विज्ञान केन्द्र,**

भागलपुर, बाँका, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, किशनगंज एवं अररिया

विषय : **''कृषि ज्ञान वाहन'' का परिचालन संबंधित जिले में कराने के संबंध में।**

प्रसंग : कृषि विभाग का पत्रांक 49 (वि0) दिनांक 26.04.2024

बामेती, पटना का पत्रांक 50 वि0 दिनांक 29.04.2024

प्रसार शिक्षा निदेशालय का पत्रांक 02 दिनांक 01.04.2024

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषय के संबंध में कहना है कि खरीफ-रबी मौसम की फसलों की तकनीकी जानकारी देने, फसल अवशेष प्रबंधन के लिये किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से ''कृषि ज्ञान वाहन'' का परिचालन कराया जा रहा है। ''कृषि ज्ञान वाहन'' का परिचालन अनुमण्डलों एवं उसके निकटवर्ती गाँवों में भ्रमण कराया जाना है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा ''कृषि ज्ञान वाहन'' के परिचालन हेतु तिथिवार विवरणी निम्न है-

| क्रम सं0 | प्रमण्डल का नाम | जिला का नाम | अनुमण्डल की संख्या | कृषि ज्ञान वाहन की जिला में भ्रमण की अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक |
| 1. | भागलपुर | भागलपुर | 3 | 01.04.2025 | 13.04.2025 |
| 2. | भागलपुर | बाँका | 1 | 14.04.2025 | 27.04.2025 |
| 3. | मुंगेर | मुंगेर | 3 | 28.04.2025 | 11.05.2025 |
| 4. | मुंगेर | लखीसराय | 1 | 12.05.2025 | 25.05.2025 |
| 5. | मुंगेर | शेखपुरा | 1 | 26.05.2025 | 08.06.2025 |
| 7. | पूर्णियाँ | किशनगंज | 1 | 09.06.2025 | 19.06.2025 |
| 8. | पूर्णियाँ | अररिया | 2 | 20.06.2025 | 30.06.2025 |

उपरोक्त निर्धारित तिथियों पर कृषि ज्ञान वाहन का परिचालन निदेशालय का पत्रांक 02 दिनांक 01.04.2024 (पत्र संलग्न) के द्वारा परिचालन के लिये दिये गये आवश्यक निदेश का अनुपालन करते हुए किया जायेगा। भ्रमण के पश्चात प्रत्येक दिन का फलाफल प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। कृषि ज्ञान वाहन का परिचालन कृषि विज्ञान केन्द्र के संबंधित जिला में कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

27.03.25 — 27.03.2025 — 27/3/25

| (प्रभारी पदाधिकारी) | (उप निदेशक प्रशिक्षण) | (निदेशक प्रसार शिक्षा) |
|---|---|---|
| कृषि ज्ञान वाहन, बि.कृ.वि., सबौर | बि.कृ.वि., सबौर | बि.कृ.वि., सबौर |

फोन : (0641)2452611 मोबाईल : +919199424640 ईमेल: deebausabour@gmail.com

ज्ञापांक : 85 E(I)/नि•प्र०•शि•/बि•कृ•वि•, सबौर/ दिनांक : 24.12.2024

प्रतिलिपि :

- संयुक्त निदेशक (शष्य), भागलपुर/मुंगेर/पूर्णियाँ प्रमण्डल को सूचनार्थ प्रेषित।
- जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, बाँका, भागलपुर, किशनगंज, अररिया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि जिले में कृषि ज्ञान वाहन के भ्रमण के दौरान सहायक निदेशक स्तर के पदाधिकारी तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक को प्रतिनियुक्त करना चाहेंगे।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा/ नियंत्रक/ अधिष्ठाता एवं निदेशक (सभी), बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- प्रभारी, वर्कशॉप/प्रभारी पदाधिकारी, कृषि ज्ञान वाहन, बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि ज्ञान वाहन रवाना करने के पूर्व ज्ञान वाहन से संबंधित सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- सह अधिष्ठाता-सह-प्राचार्य, बि.कृ.महा., सबौर/भो.पा.शा.कृ.महा., पूर्णियाँ/डॉ.क.कृ.महा., किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। आपसे अनुरोध है कि ज्ञान वाहन के जिला भ्रमण के क्रम में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों को ज्ञान वाहन हेतु नामित करना चाहेंगे।
- निदेशक, बामेती, पटना से अनुरोध है कि आप अपने स्तर से जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा (संबंधित) को संबंधित जिले में ज्ञान वाहन के सुगम परिचालन हेतु निदेशित करना चाहेंगे।
- निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.प.वि.वि., पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- जिला पदाधिकारी (संबंधित जिला) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक कृषि, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
- सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

27/3/25

(निदेशक प्रसार शिक्षा)
बि.कृ.वि., सबौर

कुलपति, बि.कृ.वि., सबौर के आप्त सचिव को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।